“इटैलियन भाषा के ज्ञान का सर्टिफ़िकेशन। सामाजिक समावेश, रोजगार, नागरिकता की भाषा” योजना
शिक्षा वर्ष 2011/12

# इटैलियन स्कूल

पीपीटी प्रेज़न्टेशन का मजमून

स्लाइड 1

इटली में शिक्षा

स्लाइड 2

मेरे लिए स्कूल

इटली में शिक्षा और प्रशिक्षण वयस्कों के लिए भी हैं

कहां?

- स्थाई क्षेत्रीय केन्द्रों – ची.ती.पी (चेन्त्रो तैर्रीतोरिआले पैर्मानैन्ती) में जो कि राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली का हिस्सा है
- मिडल स्कूल में शाम को
- व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण केन्द्रों में

स्लाइड 3

स्थाई क्षेत्रीय केन्द्र

ची.ती.पी कई हैं और आसानी से पाए जाते हैं

वे क्या ऑफ़र करते हैं?

- सर्टीफ़िकेशन की संभावना के साथ विदेशियों के लिए इटैलियन के मुफ़्त कोर्स
- मिडिल स्कूल के मुफ़्त कोर्स
- अंग्रेजी और कंप्यूटर के कोर्स

ध्यान रहे कि

ची.ती.पी में उन विदेशी नागरिकों के इटैलियन भाषा के ज्ञान की परीक्षा ली जाती है जो यूरोपीय संघ का निवास परमिट (भूतपूर्व निवास कार्ड) के लिए आवेदन करना चाहते हैं

स्लाइड 4

मिडल स्कूल के बाद पढ़ाई जारी रखने के लिए...

- शाम के समय लगने वाले हाई स्कूल हैं

वे क्या ऑफ़र करते हैं?
- तकनीकी, व्यावसायिक या अन्य उच्च शिक्षा (लेखांकन, सर्वेक्षक, कम्प्यूटर विशेषज्ञ आदि) ...
- कम समय (3-4 साल)में पढ़ाई पूरी करने की संभावना
- हाई स्कूल का डिप्लोमा (मतूरिता)

स्लाइड 5

## मिडल स्कूल के बाद काम के लिए प्रशिक्षण

व्यावसायिक प्रशिक्षण

क्या ऑफ़र करता है?
- 1 से 3 साल के कोर्सो द्वारा कोई व्यवसाय सीखने की संभावना

स्लाइड 6

## मेरे पास अपने देश की एक डिग्री है, क्या वह इटली में भी मान्य है?

- डिग्री मान्य तभी होती है जब वह सिर्फ़ यूरोपीय संघ के किसी देश या आपसी मान्यता संधि के किसी देश में प्राप्त की जाती है

## अगर मान्य नहीं है तो मैं क्या करूँ?

- इस केस में डिग्री को मान्यता देना संभव है

स्लाइड 7

## डिग्री को मान्यता देने के लिए

- इटैलियन वाणिज्य दूतावास में जाएं और मूल्य की घोषणा करवाएं

- या फिर डिग्री का हस्ताक्षरित अनुवाद एक इटैलियन अदालत द्वारा अटैस्ट करवाएं (शपथ के साथ की गई घोषणा)

ध्यान रहे कि
कुछ केस में एक इटैलियन डिग्री का होना ज़रूरी है।
अतिरिक्त जानकारी (मिडिल स्कूल, एएसए कोर्स, शाम के हाई स्कूल, इटैलियन कोर्स...) के लिए निकटतम ची.ती.पी से पूछें

स्लाइड 8

## मेरे बच्चों के लिए स्कूल

अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?
- इटैलियन स्कूल कैसे काम करता है यह जानना आवश्यक है

ध्यान रहे कि
इटैलियन स्कूल, 18 साल से कम उम्र के लड़के या लड़की को **<u>हमेशा</u>** भर्ती करता है, भले ही वह स्कूल शुरू हो जाने के बाद आए

स्लाइड 9

## इटली में शिक्षा

इटली में स्कूल कैसे काम करता है?
- 6 से 16 साल की उम्र तक स्कूल अनिवार्य है

  - नर्सरी: 0 से 3 साल
  - बालवाड़ी: 3 से 6 साल
  - प्राइमैरी स्कूल (प्राथमिक) 6 से 11 साल
  - लोअर माध्यमिक स्कूल (मिडल) 11 से 14 साल
  - हायर माध्यमिक स्कूल (मिडल) 14 से 19 साल

स्लाइड 10

## अनिवार्य शिक्षा

अनिवार्य स्कूली शिक्षा की अवधि 10 साल है

  - 5 सालों का प्राइमैरी (प्राथमिक) स्कूल
  - 3 सालों का पहली श्रेणी का मिडल (माध्यमिक) स्कूल
  - 2 सालों का हाई स्कूल या व्यावसायिक प्रशिक्षण (ग्रेड के साथ तीन साल का कोर्स)

प्राथमिक स्कूल में किताबें मुफ़्त हैं, परिवारों को केवल नोटबुक, पेन, रंग खरीदने पड़ते हैं ....

स्लाइड 11

## युवा वर्ग के लिए प्रशिक्षण

16/18 साल के लड़के-लड़कियों के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण आवश्यक है
वे अनिवार्य प्रशिक्षण के लिए कहाँ जा सकते हैं?

  - ची.ती.पी में अगर उनके पास मिडल स्कूल का प्रमाणपत्र नहीं हैं तो
  - हाई मिडल स्कूलों में
  - व्यावसायिक प्रशिक्षण में

- शिक्षुता/अप्रैंटिसशिप के दौरान

स्लाइड 12

## बच्चों को स्कूल में दाख़िला दिलाना

अपने बच्चों को  दाख़िला दिलाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?

- निकटतम स्कूल के सचिव कार्यालय में जाएं (लिंक देखें)
- आवश्यक दस्तावेज़ों की सूची के साथ दाख़िले का फ़ॉर्म ले लें

स्लाइड 13

## दाख़िले के लिए दस्तावेज़

मुझे कौन-कौन से दस्तावेज़ लाने होंगे?

- जन्म का सर्टिफ़िकेट
- टीकाकरण का सर्टिफ़िकेट
- मूल देश के स्कूल के दस्तावेज़ या मूल देश में पढ़ी हुई कक्षा का **ऐफ़िडेविट**
- इटली में ट्यूशन के भुगतान की रसीद

स्लाइड 14

## दाख़िले के फ़ॉर्म...

दाख़िला के समय मुझे और क्या करना होगा?

- कैथोलिक धर्म शिक्षा को स्वीकार या अस्वीकार करने का फ़ॉर्म भरना होगा
- नीचे लिखी सेवाओं के लिए फ़ॉर्म भरने होंगे:
    * स्कूली भोजन
    * पूर्व स्कूल (स्कूल जल्दी पहुंचना) और/या बाद में (देर से) घर लौटना
    * स्कूल परिवहन

- स्कूल डायरी ले लें जिसमें स्कूल से अनुपस्थिति, देरी और समय से पहले घर लौटने के औचित्य दर्ज हो सकें

ध्यान रहे कि
पूर्व स्कूल, स्कूल के बाद, भोजन और परिवहन की सेवाओं के लिए भुगतान किया जाता है

स्लाइड 15

## शैक्षिक नियम

इटैलियन स्कूली शिक्षा के कुछ नियम...

- लड़के और लड़कियां एक ही कक्षा में साथ-साथ रहते हैं
- एक साथ पढ़ाई, खेल-कूद करते हैं
- सज़ा के रूप में किसी बच्चे को कोई मार नहीं सकता
- बाल अधिकारों के चार्टर का सम्मान सभी को करना होता है

स्लाइड 16

परिवार और स्कूली शिक्षा

इटली में, माता-पिता का अपने बच्चों को पढ़ाना अनिवार्य है
अगर कोई परिवार पढ़ाई की फ़ीस नहीं भर सकता तो वह  क्या करे?

स्कूल के सचिव कार्यालय या कम्यून की सामाजिक सेवा से पूछें कि आप क्या सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

उदाहरण के लिए:
* भोजन सेवाओं, परिवहन, पूर्व स्कूल पर छूट...
* जो छात्र अपनी पढ़ाई और प्रशिक्षण को जारी रखते हैं उनके लिए स्कूली योगदान
* सबसे अच्छे छात्रों के लिए छात्रवृत्ति

ध्यान रहे कि
अपने बच्चों को स्कूल न भेजने पर विदेशी माता पिता अपने निवास परमिट को रद्द पा सकते हैं

स्लाइड 17

शब्दावली

*(औब्बलिगो स्कोलास्तिको)* **अनिवार्य शिक्षा**: 16 साल की उम्र तक स्कूल जाना अनिवार्य है

*(औब्बलिगो फ़ौर्मातीवो)* **अनिवार्य प्रशिक्षण:** 16 से 18 साल की उम्र तक प्रशिक्षण जारी रखना अनिवार्य है। अगर कोई लड़का या लड़की स्कूल नहीं जाता तो 18 साल की उम्र तक उसे अप्रैंटिसशिप करनी चाहिए या उसका प्रशिक्षण होना चाहिए

*(लिब्रैत्तो स्कोलास्तिको)* **स्कूल डायरी:** बच्चों की अनुपस्थिति का औचित्य बताती है। स्वास्थ्य कारणों  से जब अनुपस्थिति 5 दिनों से ज़्यादा होती है तो डॉक्टरी सर्टिफ़िकेट आवश्यक है; डायरी में  देरी से स्कूल आना या जल्दी वापिस जाना भी दर्ज किए जाते हैं

स्लाइड 18

शब्दावली

*(उफ़्फ़ीचो दी सेग्रेतेरीआ)* **सचिव कार्यालय:** हर स्कूल में सचिव कार्यालय होता है जहां से जानकारी ली जा सकती है, दस्तावेज़ लिए या दिए जा सकते हैं। यह कार्यालय हमेशा खुला नहीं रहता, इसलिए पहले से ही खुलने के दिन और समय की जानकारी ले लें

*(दौते-स्कूऔला)* **स्कूली योगदान:** यह एक योगदान है जो कि 6 से 18 साल की उम्र के लड़कों और लड़कियों की शिक्षा की यात्रा को दौरान हुए ख़र्चे उठाने के लिए परिवार की मदद के लिए मिलता है। अतिरिक्त जानकारी के लिए कम्यून में पूछें

*(ओरा दी रिलीजोने)* **धर्म का घंटा:** हर साल, जब माता-पिता अपने बेटे या बेटी को स्कूल में भर्ती कराते हैं तो उन्हें घोषित करना पड़ता है कि उन्हें कैथोलिक धर्म की शिक्षा स्वीकार है या नहीं